आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–30 अप्रैल 2024 **सान्ध्य समाचार**

प्रदेश में चल रहे लोकसभा चुनाव को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों ने प्रचार अभियान में अपनी ताकत झोंक दी है। जनसभा, रोड शो और जनसंपर्क अभियान के माध्यम से स्टार प्रचारक, नेता और प्रत्याशी अपनी अपनी पार्टी को वोट देने की अपील कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में कहा कि संविधान का गला घोंटकर, पिछड़े और अनुसूचित जातियों के आरक्षण में सेंधमारी कर धर्म के आधार पर एक वर्ग विशेष को आरक्षण देने की कांग्रेस, सपा और इंडी गठबंधन की मंशा देश की जनता सफल नहीं होने देगी। भारतीय जनता पार्टी धर्म के आधार पर किसी भी प्रकार के आरक्षण की विरोधी है। उधर, मैनपुरी लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी डिम्पल यादव ने आज जसवंत नगर विधानसभा में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी, संविधान और लोकतंत्र को खत्म करना चाहती हैं। जो लोग परिवारवाद की बात कर रहे हैं, उनको समझ लेना चाहिए कि आप जो गठबंधन चला रहे हैं, वो परिवार वालों के साथ ही चला रहे हैं। वहीं, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद पीएल पूनिया ने बताया कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के माध्यम से राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को अमेठी और रायबरेली से चुनाव लड़ने के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। जल्द ही इस पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

****

प्रदेश में विभिन्न चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर नामांकन की प्रक्रिया जारी है। विभिन्न दलों के प्रत्याशी संबंधित जिला मुख्यालयों पर बने नामांकन स्थलों पर पहुंचकर अपना पर्चा दाखिल करा रहे हैं। इसी क्रम में आज आंबेडकरनगर लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी लाल जी वर्मा ने अपना नामांकन दाखिल किया। उनके अलावा जालौन लोकसभा सीट से बसपा प्रत्याशी सुरेश चंद्र गौतम और फैजाबाद लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद ने दो सेट में अपना नामांकन दाखिल कर दिया।

****

प्रदेश में तीसरे चरण के तहत दस लोकसभा सीटों पर सात मई को मतदान होगा। इन सीटों में बदायूं लोकसभा की सीट भी शामिल है। बदायूं लोकसभा सीट में पांच विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इसमें गुन्नौर, बिसौली, सहसवान, बिल्सी और बदायूं शामिल हैं। यहां कुल 24 लाख 9 हजार 905 मतदाता 7 मई को 11 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। इनमें 12 लाख 92 हजार 286 पुरुष मतदाता हैं और 11 लाख 17 हजार 516 महिला मतदाता तथा 103 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। समाजवादी पार्टी का गढ़ मानी जाने वाली इस सीट से पहले शिवपाल सिंह यादव को उम्मीदवार बनाया गया था लेकिन बाद में उनके बेटे आदित्य यादव को चुनावी मैदान में उतारा गया। आदित्य यादव से पहले धर्मेंद्र यादव इस सीट से 2009 और 2014 में सांसद बन चुके हैं। मोदी लहर में वह 2014 में अपनी सीट बचाने में कामयाब रहे धर्मेंद्र यादव 2019 के चुनाव में स्वामी प्रसाद मौर्य की पुत्री संघमित्रा मौर्य से चुनाव हार गए थे। खास बात यह है कि इस बार भाजपा और सपा दोनों ने ही अपने प्रत्याशियों को बदल दिया है। सपा ने आदित्य यादव तो भाजपा ने क्षेत्रीय उपाध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य को टिकट दिया है। वहीं बसपा शेखुपुर के पूर्व विधायक मुस्लिम खां को उतारकर मुकाबले को त्रिकोणीय बना दिया है।

****

लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये प्रदेश स्तर पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। आज आजमगढ़ जिले में लोक सभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत जिन बूथों पर मतदान पचास प्रतिशत से कम रहा है उन बूथों पर चौपाल लगाकर, मतदाता जागरूकता रैली आदि कार्यक्रमों के माध्यम से मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु लोगों को जागरूक किया गया।

इसी क्रम में श्री यमुना स्मारक इण्टर कालेज मौली मनिहा, सिंहपुर के छात्रों द्वारा उप जिलाधिकारी के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी। पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय महराजगंज में मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से चुनावी चौपाल का आयोजन किया गया। इसके अलावा मऊ में दिव्यांग जनों ने ट्राई साइकिल के माध्यम से मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर लोगों से मतदान की अपील की।

****

दुबई में आयोजित 21वीं जूनियर एशियन चौंपियनशिप में अमरोहा के गांव सरकड़ा कमाल निवासी हर्षित ने हैमर थ्रो में स्वर्ण पदक हासिल कर देश और प्रदेश का नाम रौशन किया है। हर्षित ने यह उपलब्धि 66.70 मीटर हैमर थ्रो करने के साथ हासिल की है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय कोच निर्भय सिंह और भूपेंद्र सिंह सहित अपने माता पिता को दिया है।

****

मथुरा कृष्णकुलम विद्यालय में आज अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस बहुत ही उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान छात्र–छात्राओं ने अपनी विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर माहौल को खुशनुमा बनाया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की वंदना के साथ हुई। उसके बाद छात्राओं ने अलग–अलग थीम पर सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

****